"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23]		रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 9 जून 2006—ज्येष्ठ 19, शक 1928

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 मई 2006

क्रमांक एफ 2-6/2006/1-8.—छत्तीसगढ़ मंत्रालय के निम्नलिखित अवर सचिव को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से उप सचिव के पद पर वेतनमान रुपये 12000-375-16500/- में पदोन्नत किया जाता है :—

क्रमांक (1)	नाम एवं वर्तमान पदस्थापना (2)	नवीन पदस्थापना (3)
1.	श्री व्ही. के. राय, स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग.	सामान्य प्रशासन विभाग

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.

(1)	(2)	(3)
2.	श्री वाय. एस. बेले, आ.जा. एवं अनु. जा. विकास विभाग.	उच्च शिक्षा विभाग

2. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पदों पर पदोन्नति के संबंध में अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति के लिए आरक्षण संबंधी नियमों/आदेशों का पालन किया गया है.

3. राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आवंटित अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के कारण पद उपलब्ध न होने पर अंतिम पदोन्नत कनिष्ठ व्यक्ति पदावनत होंगे.

रायपुर, दिनांक 8 मई 2006

क्रमांक एफ 2-6/2006/1-8.—छत्तीसगढ़ मंत्रालय के निम्नलिखित अनुभाग अधिकारी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अवर सचिव के पद पर वेतनमान रुपये 10000-325-15200/- में पदोन्नत किया जाता है :—

क्रमांक (1)	नाम एवं वर्तमान पदस्थापना (2)	नवीन पदस्थापना (3)
1.	श्री बी. रामेश्वर राव, ग्रामोद्योग विभाग.	सामान्य प्रशासन विभाग
2.	श्री सुधाकर सोनवाने, सामान्य प्रशासन विभाग (अभिलेख).	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
3.	श्री एस. के. चौधरी, राजभवन सचिवालय.	राजभवन सचिवालय
4.	श्री मोहन सिंह ठाकुर, पर्यटन विभाग.	आदिमजाति एवं अनु. जाति विकास विभाग
5.	श्री ए. आर. दीवान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग.	वित्त एवं योजना विभाग

2. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पदों पर पदोन्नति के संबंध में अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति के लिए आरक्षण संबंधी नियमों/आदेशों का पालन किया गया है.

3. श्री आर. पी. वर्मा, अवर सचिव, राजभवन सचिवालय की सेवायें राजभवन सचिवालय से वापस लेते हुए अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है.

4. राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आवंटित अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के कारण पद उपलब्ध न होने पर अंतिम पदोन्नत कनिष्ठ व्यक्ति पदावनत होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. मिंज, अतिरिक्त सचिव.

रायपुर, दिनांक 9 मई 2006

क्रमांक ई-7/37/2004/1/2.—श्री डी. के. श्रीवास्तव, भा.प्र.से., कलेक्टर, बस्तर, जगदलपुर को दिनांक 22-5-2006 से 31-5-2006 तक (10 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 20 एवं 21 मई, 2006 के शासकीय अवकाश को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री श्रीवास्तव, भा.प्र.से. आगामी आदेश तक कलेक्टर, बस्तर, जगदलपुर के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री श्रीवास्तव, भा.प्र.से. को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री श्रीवास्तव, भा.प्र.से. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री श्रीवास्तव के उक्त अवकाश अवधि में श्रीमती ऋतु सेन, भा.प्र.से., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बस्तर अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ कलेक्टर, बस्तर का चालू कार्य संपादित करेंगी.

रायपुर, दिनांक 9 मई 2006

क्रमांक ई-7/17/2004/1/2.—श्री एस. व्ही. प्रभात, आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली को दिनांक 15-5-2006 से 14-7-2006 तक (61 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 13, 14 मई एवं 15, 16 जुलाई, 2006 के शासकीय अवकाश को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री प्रभात, भा.प्र.से. आगामी आदेश तक आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री प्रभात, भा.प्र.से. को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रभात, भा.प्र.से. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री प्रभात के उक्त अवकाश अवधि में श्रीमती निहारिका बारिक, अपर आवासीय आयुक्त, आपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली का कार्य सम्पादित करेंगी.

रायपुर, दिनांक 12 मई 2006

क्रमांक ई-7/28/2004/1/2.—श्री अमिताभ जैन, भा.प्र.से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 22-5-2006 से 3-6-2006 तक (13 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 20, 21-5-2006 एवं 4-6-2006 के शासकीय अवकाश को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री जैन, भा.प्र.से. आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री जैन, भा.प्र.से. को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जैन, भा.प्र.से. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 5 मई 2006

क्रमांक 352/293/2006/1-8/स्था.—श्री अनुराग लाल, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को दिनांक 15-5-2006 से 9-6-2006 तक 26 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा टोरंटो (कनाडा) विदेश जाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री लाल को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणितं किया जाता है कि श्री लाल अवकाश पर नहीं जाते तो अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 6 मई 2006

क्रमांक 355/820/2006/1-8/स्था.—श्री के. एल. साहू, मुख्य लेखाधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, रायपुर को दिनांक 8-5-2006 से 27-5-2006 तक 20 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 7 एवं 28-5-2006 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. श्री साहू के अवकाश अवधि में श्री एन. एल. वर्मा, लेखाधिकारी अपने कार्य के साथ-साथ इनका कार्य भी संपादित करेंगे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री के. एल. साहू, मुख्य लेखाधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

4. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

5. प्रमाणित किया जाता है कि श्री के. एल. साहू, अवकाश पर नहीं जाते तो, मुख्य लेखाधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय के पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. आर. सेजकर, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 9 मई 2006

क्रमांक 357/383/2006/1-8/स्था.—श्री बी. के. अग्रवाल, अतिरिक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय को दिनांक 7-6-2006 से 14-6-2006 तक 8 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अग्रवाल को अतिरिक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अतिरिक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 9 मई 2006

क्रमांक 359/218/2006/1-8/स्था.—श्री प्रेम कुमार (भावसे) उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग को दिनांक 6-3-2006 से 27-3-2006 तक 22 दिवस का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री प्रेम कुमार को उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री प्रेम कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 15 मई 2006

क्रमांक 373/407/2006/1-8/स्था.—श्री जे. मिंज, अतिरिक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 15-5-2006 से 19-5-2006 तक 5 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. श्री जे. मिंज, अतिरिक्त सचिव के अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री ए. मिंज, अतिरिक्त सचिव, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, अपने कार्य के साथ-साथ संपादित करेंगे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री जे. मिंज को अतिरिक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

4. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

5. प्रमाणित किया जाता है कि श्री जे. मिंज अवकाश पर नहीं जाते तो, अतिरिक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 15 मई 2006

क्रमांक 379/211/2006/1-8/स्था.—श्री एल. पी. दाण्डे, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 8-5-2006 से 12-5-2006 तक 5 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री दाण्डे को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री दाण्डे अवकाश पर नहीं जाते तो, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 17 मई 2006

क्रमांक 380/285/2006/1-8/स्था.—श्री एन. के. शुक्ला (राप्रसे) उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग को दिनांक 2-5-2006 से 12-5-2006 तक 11 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 13 एवं 14-5-2006 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री शुक्ला को उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री शुक्ला अवकाश पर नहीं जाते तो, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 17 मई 2006

क्रमांक 382/291/2006/1-8/स्था.—श्री जी. डी. गुप्ता, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को दिनांक 8-5-2006 से 19-5-2006 तक 12 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री गुप्ता को उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर, पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री गुप्ता अवकाश पर नहीं जाते तो, उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 17 मई 2006

क्रमांक 384/404/2006/1-8/स्था.—श्रीमती रेजीना टोप्पो, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग को दिनांक 15-5-2006 से 27-5-2006 तक 13 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्रीमती टोप्पो को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग के पद पर, पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में उन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती टोप्पो अवकाश पर नहीं जाते तो, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग के पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. मंधानी, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 मई 2006

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना नियम, 2006

क्रमांक /डी-3741/25-2/आजाक/2006.—छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति ग्रामों एवं नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों के विकास हेतु निम्नानुसार नियम बनाये जाते हैं :—

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ :—**

1.1 ये नियम छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति बस्ती विकास नियम, 2006 कहे जावेंगे.

1.2 इनका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

1.3 ये नियम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किये जाने के दिनांक से प्रभावशील होंगे.

1.4 छत्तीसगढ़ शासन, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना के लिये प्रावधानित राशि का उपयोग इन नियमों के अनुसार किया जावेगा.

2. **योजना का उद्देश्य :—**

अनुसूचित जाति ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जवाहर रोजगार योजना के तहत मांग संख्या - 64 में प्रावधानित राशि (विशेष घटक योजनांतर्गत प्रावधानित राशि) का उपयोग किया जाता है. जवाहर रोजगार योजना भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अधीन रहते हुए क्रियान्वित की जाती है, जिससे अनुसूचित जाति ग्रामों की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति इस योजना में प्रावधानित राशि से नहीं हो पाती है. इसी प्रकार शहरी अनुसूचित जाति बस्तियों में गंदी बस्ती पर्यावरण सुधार एवं झुग्गी-झोपड़ी बस्ती विकास योजनांतर्गत निर्माण कार्य कराये जाते हैं. किन्तु इन योजनाओं के तहत कराये जाने वाले कार्यों के स्वरूप एवं

मापदण्ड भी निर्धारित हैं और इसलिये शहरी अनुसूचित जाति बस्तियों के लिये आवश्यक सभी निर्माण कार्य गंदी बस्ती पर्यावरण सुधार एवं झुग्गी-झोपड़ी बस्ती सुधार योजनाओं में नहीं हो पाते हैं. शासन के अन्य विभागों द्वारा अनुसूचित जाति ग्रामों एवं शहरी अनुसूचित जाति बस्तियों के विकास हेतु कार्यान्वित की जा रही योजनाओं से कव्हर न होने वाली इन ग्रामों और बस्तियों की मूलभूत सुविधाओं संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ये नियम बनाये जा रहे हैं.

3. परिभाषाएं :—

3.1 राज्य शासन से तात्पर्य छत्तीसगढ़ शासन से है.

3.2 "कलेक्टर/जिलाध्यक्ष" से तात्पर्य जिला कलेक्टर से है.

3.3 "जनपद पंचायत" से तात्पर्य छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के तहत गठित जनपद पंचायत से है.

3.4 "ग्राम पंचायत" से तात्पर्य छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत गठित ग्राम पंचायत से है.

3.5 "स्थानीय निकाय" से तात्पर्य छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम, 1956 छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 के तहत गठित नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद् आदि स्थानीय निकायों से है.

3.6 "अनुसूचित जाति" से तात्पर्य छत्तीसगढ़ राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जातियों से है.

3.7 "अनुसूचित जाति ग्राम" से तात्पर्य ऐसे ग्राम से है जिसमें अनुसूचित जातियों की जनसंख्या ग्राम की कुल जनसंख्या का 50 प्रतिशत से अधिक हो.

3.8 "नगरीय अनुसूचित जाति बस्ती" से तात्पर्य ऐसे नगरीय बस्ती से है जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या अनुसूचित जाति के लोगों की हो.

3.9 "अनुसूचित जाति बस्ती" से तात्पर्य कंडिका 3.7 एवं कंडिका 3.8 को शामिल करते हुए अनुसूचित जाति ग्राम/नगरीय अनुसूचित जाति बस्ती से है.

4. कार्य योजना तैयार करना तथा कार्यों की स्वीकृति :—

4.1 अनुसूचित जाति बाहुल्य विकास बस्तियों के विकास के लिये कार्य योजना तैयार करने, उसके अनुमोदन तथा स्वीकृति प्रदान करने, निर्माण एजेन्सी निर्धारित करने एवं कार्यों की प्रगति न उनका अनुश्रवण कार्य एक तीन सदस्यीय समिति द्वारा किया जायेगा.

4.2 जिले के प्रभारी मंत्री समिति के अध्यक्ष होंगे. अन्य दो सदस्य अनुसूचित जाति वर्ग के सांसद/विधायक/जिला पंचायत/सदस्यगण, नगर पालिका/परिषद् के सदस्यगणों में से प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनित होंगे.

4.3 जिला स्तरीय समिति अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों/क्षेत्रों में नियम 5.2 में उल्लेखित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर कार्य योजना तैयार करेगी.

4.4 मूलभूत सुविधाएं सर्वप्रथम उन अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों/मजरे/टोले/पारे तथा नगरीय बस्तियों में ऐसे वार्ड/मोहल्ले/कालोनी में ली जा सकेगी जिनमें ये सुविधाएं ही नहीं हैं अथवा इनका अभाव है. उदाहरण स्वरूप गाव में जनसंख्या के मान से पेयजल हेतु हैण्डपंप तो हैं परन्तु अनुसूचित जाति ग्राम/मजरे/टोले/पारे तथा नगरीय बस्तियों के ऐसे वार्ड, मोहल्ले, कालोनी में कोई जल स्रोत न हो, सर्वप्रथम इन अनुसूचित जाति पारे/टोले तथा नगरीय बस्तियों में ऐसे वार्ड, मोहल्ले, कालोनी में पेयजल की व्यवस्था के लिए कार्य योजना ली जाए. दूसरे चरण में ग्राम/मजरे/टोले/पारे तथा नगरीय बस्तियों में ऐसे वार्ड, मोहल्ले, कालोनियों में पेयजल व्यवस्था तो है परन्तु जनसंख्या के मान से पर्याप्त नहीं है कार्य लिए जाएं.

4.5 कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करें तथा निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य योजना पूर्ण करने की जिम्मेदारी विभाग के जिलाधिकारी की होगी.

4.6 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य योजना का अनुपात 20 व 80 प्रतिशत रहेगा परन्तु जिन जिलों में केवल शहरी अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड या ग्राम हों तो किसी एक ही क्षेत्र में व्यय किया जायेगा.

4.7 निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य योजना बनाने तथा ऐसे अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों, क्षेत्रों की पहचान करने की जिम्मेदारी संबंधित जिला कलेक्टर तथा आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के जिलाधिकारी की होगी.

5. योजना के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की व्यय सीमा :—

5.1 इस योजना के तहत उपरोक्त नियम-4 में उल्लेखित निर्देशों का पालन करते हुए सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु शत-प्रतिशत अनुदान के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जावेगी.

5.2 अनुदान राशि की अधिकतम सीमा निम्नानुसार होगी.

क्र. (1)	मद (2)	अधिकतम लागत (सीमा) (3)
(अ)	**नवीन कार्य**	
1.	हैण्ड पंप की स्थापना	0.65 लाख प्रति हैण्डपंप
2.1	सामुदायिक भवन (1 छोटा हाल+एक कमरा+बरामदा).	2.00 लाख प्रति भवन
2.2	सामुदायिक भवन (1 छोटा हाल+बरामदा)	1.50 लाख प्रति भवन
3.	चबूतरा निर्माण	0.30 लाख प्रति नग
4.	आंतरिक सीमेंट कांक्रीट मार्ग निर्माण	2.00 लाख प्रति कि.मी.
5.	वृक्षारोपण (गड्ढा खोदना-ट्री गार्ड एवं मजदूरी सहित.)	1.20 लाख प्रति 1000 पौधे
6.	तालाब में घाट पचरी निर्माण	1.00 लाख प्रति इकाई
7.	भवनों में विद्युतीकरण (जहां पूर्व में फिटिंग नहीं है)	0.25 प्रति भवन
(ब)	**मरम्मत कार्य**	
1.	शाला भवन मरम्मत कार्य	
1.1	प्राथमिक शाला	0.25 लाख
1.2	माध्यमिक शाला	0.30 लाख
1.3	हाई स्कूल	0.50 लाख
1.4	हायर सेकेण्डरी स्कूल	0.65 लाख
2.	छात्रावास मरम्मत कार्य	0.65 लाख
3.	आश्रम मरम्मत कार्य	0.75 लाख
4.	खेल-कूद मैदान मरम्मत कार्य	0.20 लाख
5.	मार्ग मरम्मत कार्य	0.10 लाख
6.	हैण्ड पंप मरम्मत	0.10 लाख
7.	ट्यूबवेल पाईप लाईन मरम्मत	0.10 लाख
8.	घाट/पचरी मरम्मत	0.10 लाख

5.3 विशेष परिस्थितियों में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री की सलाह पर आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास अधिकतम सीमा से अधिक धनराशि व्यय करने की अनुमति दे सकेंगे.

6. **स्थान एवं कार्य चयन हेतु प्राथमिकतायें :—**

6.1 यदि उपलब्ध धनराशि इस योजना के तहत स्वीकृत किये जाने वाले कार्यों की मांग से कम है, तो प्राथमिकता ऐसे ग्रामों को दी जावेगी जिनकी कुल अनुसूचित जाति जनसंख्या अधिक है अर्थात् 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले ग्रामों में भी उन ग्रामों में पहले कार्य कराये जायेंगे जिनकी कुल अनुसूचित जाति जनसंख्या अधिक है.

6.2 नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों में प्राथमिकता उन बस्तियों को दी जायेगी जिनमें अस्वच्छ धंधों में कार्यरत लोग यथा भंगी, मेहतर, मोची आदि रहते हों.

6.3 कार्यों का प्राथमिकता क्रम वही रहेगा जो नियम 5 में दिया गया है.

7. **प्रशासकीय स्वीकृति के अधिकार :—**

7.1 नियम 5 में उल्लेखित अधिकतम सीमा तक जिले के कलेक्टर द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी जावेगी. यदि किसी विशेष परिस्थिति के कारण अधिकतम सीमा से अधिक राशि स्वीकृत करने की आवश्यकता हो तो नियम 5.3 के अनुसार आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास से पूर्व अनुमति प्राप्त कर कलेक्टर प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर सकेंगे.

8. **तकनीकी स्वीकृति के अधिकार :—**

8.1 इस योजना के तहत कार्यों की तकनीकी स्वीकृति निर्माण कार्यों का निष्पादन ठीक उसी प्रकार किया जावेगा जिस प्रकार जवाहर रोजगार योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निष्पादन किया जाता है.

9. **निर्माण कार्यों का निष्पादन :—**

9.1 अनुसूचित जाति ग्रामों में इस योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निष्पादन ठीक उसी प्रकार किया जावेगा जिस प्रकार जवाहर रोजगार योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निष्पादन किया जाता है.

9.2 नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों के निर्माण कार्यों का निष्पादन स्थानीय निकायों के माध्यम से किया जावेगा.

9.3 अनुसूचित जाति ग्रामों में कराये जाने वाले कार्यों के लिये यथा संभव वे सभी नियम लागू होंगे जो जवाहर रोजगार योजना के लिये लागू हैं और नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय निकायों में प्रचलित नियम लागू होंगे.

10. **आवंटन का प्रदाय :—**

10.1 जिलों को राशि आवंटन का आधार जिले के अनुसूचित जाति जनसंख्या (विगत जनगणना अनुसार) होगी. जिला स्तर पर विकास खण्डों में अ.जा. जनसंख्या के अनुपात में कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की जावेगी.

10.2 नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों में इस योजना के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु आवंटन स्थानीय निकायों को नगरीय कल्याण विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराया जावेगा.

10.3 ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों को धनराशि उपलब्ध कराने के पूर्व उनसे परिशिष्ट-3 में उल्लेखित प्रारूप में एक करार निष्पादित कराया जावेगा. यदि जवाहर रोजगार योजना/गंदी बस्ती पर्यावरण सुधार योजना को धनराशि उपलब्ध कराने के लिये करार के प्रारूप पूर्व से ही निर्धारित हो तो इस योजना हेतु भी उन निर्धारित प्रारूपों का क्रमशः ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों हेतु उपयोग किया जा सकेगा.

10.4 कार्य पूर्णता एवं धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र यदि किसी ग्राम पंचायत/स्थानीय निकाय ने उसे पूर्व वर्ष में स्वीकृत धनराशि का उपयोग करार की शर्तों के अनुसार नहीं किया है तो उसे आगामी वर्ष में नये कार्यों हेतु धनराशि स्वीकृति नहीं की जावेगी.

11. कार्य पूर्णता एवं धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र :—

11.1 इस योजना के तहत अनुसूचित जाति ग्रामों के लिये स्वीकृत कार्यों का कार्य पूर्णता तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र संबंधित विकास खण्ड अधिकारी द्वारा और नगरीय अनुसूचित जाति बस्तियों के लिये स्वीकृत निर्माण कार्यों के कार्य पूर्णता एवं धनराशि उपयोगिता प्रमाण-पत्र स्थानीय निकाय के नगर पालिका निगम आयुक्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये जावेंगे.

11.2 निर्माण कार्य उसी वित्त वर्ष में पूर्ण कराने आवश्यक होंगे जिस वर्ष में वे स्वीकृत किये गये हैं. विशेष परिस्थिति में कलेक्टर कार्य पूर्ण होने की अवधि में वृद्धि कर सकेंगे, किन्तु कार्य अवधि में वृद्धि करते समय निर्माण लागत बढ़ने के कारण अतिरिक्त धनराशि कदापि स्वीकृत नहीं की जावेगी.

12. योजना के तहत स्वीकृत कार्यों का लेखा :—

12.1 नगरीय कल्याण, संचालनालय, छत्तीसगढ़ गंदी बस्ती निर्मूलन मंडल एवं जिला कलेक्टर के कार्यालय में इस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों हेतु एक पंजी संधारित की जायेगी, जिसमें कार्य के संबंध में समस्त प्रविष्टियां अंकित की जायेंगी.

13. योजनांतर्गत निर्मित कार्यों का हस्तांतरण एवं रख-रखाव :—

13.1 इस योजना के तहत निर्मित किये जाने वाले निर्माण कार्यों का रख-रखाव ग्राम पंचायत/स्थानीय निकाय को करना होगा.

14. कार्यों का निरीक्षण :—

14.1 इस योजना के तहत स्वीकृत किये गये कार्यों का निरीक्षण विभाग के राज्य तथा जिला स्तरीय अधिकारी तथा कलेक्टर द्वारा अधिकृत किसी भी अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा.

15. अनुश्रवण एवं मूल्यांकन :—

15.1 इस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु विभाग के राज्य मुख्यालय अथवा जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत किसी भी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह कार्य की गुणवत्ता, भौतिक प्रगति एवं मूल्यांकन संबंधी जानकारी एकत्र कर सके. कार्य कराने वाली एजेन्सी (ग्राम पंचायत/स्थानीय निकाय आदि) इन अधिकारियों की टीप पर समुचित ध्यान देकर निर्माण कार्य पूर्ण करावेंगे.

15.2 आदिमजाति अनुसंधान एवं विकास संस्था, रायपुर द्वारा समय-समय पर योजना का मूल्यांकन किया जावेगा.

16. अनुसूचित जाति बस्ती हेतु योजनाएं तैयार करना :—

16.1 अनुसूचित ग्रामों के लिये जिला कलेक्टर एक शैल्फ आफ प्रोजेक्ट तैयार करवा लेंगे ताकि प्रतिवर्ष धनराशि उपलब्ध होने पर उसका योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जाता रहे. अनुसूचित ग्रामों की सूची आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा उपलब्ध करायी जावेगी. नगरीय अनुसूचित बस्तियों के लिये स्थानीय निकाय योजनाएं तैयार करेंगे. नगरीय अनुसूचित बस्तियों का सर्वेक्षण आयुक्त, आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति विकास द्वारा कराया जावेगा.

17. एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति बस्ती सघन विकास नियम 1989 निरस्त किये जाते हैं. जो कार्य 1989 के निरसन नियमों के अधीन प्रारंभ किये गये, उन्हें उन्हीं नियमों के अनुसार पूर्ण किया जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. राउत, सचिव.

कृषि विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 20 अप्रैल 2006

क्रमांक/1615/बी-14/17/2002/14-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा ''सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन प्रोग्राम फॉर एक्सटेंशन रिफार्म'' केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कृषि प्रबंधन विस्तार प्रशिक्षण संस्था (SAMETI) हेतु निम्नानुसार ''जनरल कौंशिल एवं एक्जीक्यूटिव्ह कौंशिल'' का गठन करती है :—

(अ) जनरल कौंसिल

1. कृषि उत्पादन आयुक्त	अध्यक्ष
2. सचिव, कृषि, छ.ग. शासन, कृषि विभाग, रायपुर	सदस्य
3. संचालक अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर	सदस्य
4. संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें संचालनालय, छ.ग. रायपुर	सदस्य
5. संचालक, मत्स्योद्योग संचालनालय, छ.ग. रायपुर	सदस्य
6. संचालक, रेशम उद्योग संचालनालय, छ.ग. रायपुर	सदस्य
7. प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम	सदस्य
8. संचालक, विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर	सदस्य
9. संचालक, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी	सदस्य
10. अशासकीय संगठन के प्रतिनिधि	सदस्य
11. संचालक, राज्य कृषि प्रबंधन विस्तार प्रशिक्षण संस्था	सदस्य
12. तकनीकी अधिकारी, व्ही. आई.पी.एम.सी.	सदस्य
13. संचालक कृषि, संचालनालय, छ.ग. रायपुर	सदस्य सचिव

(ब) एक्जीक्यूटिव्ह कौंसिल

1. संचालक, कृषि	अध्यक्ष
2. संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें	सदस्य
3. संचालक, मत्स्योद्योग	सदस्य
4. संचालक, रेशम उद्योग	सदस्य
5. संचालक, विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर	सदस्य
6. संचालक, अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर	सदस्य
7. उप सचिव, कृषि	सदस्य
8. राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के प्रतिनिधि	सदस्य
9. संचालक, राज्य स्तरीय कृषि प्रबंधन विस्तार प्रशिक्षण संस्थान	सदस्य सचिव

रायपुर, दिनांक 6 मई 2006

क्रमांक/1889/पौ. सं./कृषि/2001/14-2.—कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का सं. 46) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्‌द्वारा, राज्य के समस्त "कीटनाशी निरीक्षकों" एवं समस्त थाना प्रभारियों को उनकी अधिकारिता क्षेत्रों में कीटनाशी रसायनों के उपयोग के दौरान हुई विषाक्तता की समस्त दुर्घटनाओं की सूचना देने हेतु अधिकृत करती है.

समस्त थाना प्रभारी एवं कीटनाशी निरीक्षक अपने अधिकारिता क्षेत्र में हुई विषाक्तता की समस्त घटनाओं की जानकारी आवश्यक रूप से जिला अनुज्ञापन अधिकारी (जिले के उप संचालक कृषि) एवं राज्य अनुज्ञापन अधिकारी (अपर संचालक कृषि) को मासिक आधार पर उपलब्ध करायेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 अप्रैल 2006

क्रमांक-एफ 9-107/32/05.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक एफ 9-107/32/2005 दिनांक 8-2-2006 द्वारा ग्राम बरबसपुर, कोरबा विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

विकास योजना कोरबा के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना में प्रस्ताव	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	बरबसपुर	373 (भाग)	7.0 एकड़ में से 2.23 एकड़	कृषि	आवासीय
		योग	2.23 एकड़		

सूचना में उल्लेखित निश्चित् समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है. अतः राज्य शासन एतद्‌द्वारा ग्राम बरबसपुर, कोरबा विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण बरबसपुर (कोरबा) विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. बजाज, विशेष सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 मई 2006

क्रमांक 1836/1612/2006/11/6.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा मैसर्स रायपुर एलायस एंड स्टील लिमिटेड रायपुर के बायलर क्रमांक-सी. जी./91 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 9-5-2006 से दिनांक 8-6-2006 तक की छूट प्रदान करता है :—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेग्यूलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शंकर राव ब्राहम्णे उप-सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 16 मई 2006

क्रमांक एफ-9-32/दो/गृह/06.—कृषि विभाग के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 फरवरी, 2006 को प्रश्नपत्र "ल. १-प्रथम (पुस्तकों सहित) द्वितीय प्रश्नपत्र (बिना पुस्तकों के)" विषय

में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

सरल क्र. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री भीमराव घोड़ेसवार	कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर
2.	श्री सुधीर कुमार दादौरिया	कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर

रायपुर, दिनांक 18 मई 2006

क्रमांक एफ-9-24/दो/गृह/06.—पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 23 फरवरी, 2006 को प्रश्नपत्र "लेखा प्रथम (बिना पुस्तकों के), लेखा द्वितीय (पुस्तकों सहित)" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

सरल क्र. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्रीमती यज्ञसेनी साहू	सहायक महिला बाल विकास विस्तार अधिकारी.	निम्नस्तर
2.	श्रीमती कुसुम कान्ता एक्का	सहायक महिला बाल विकास विस्तार अधिकारी.	निम्नस्तर

रायपुर, दिनांक 19 मई 2006

क्रमांक एफ-9-1/दो/गृह/06.—सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा जो दिनांक 20 फरवरी, 2006 को प्रश्नपत्र "दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया प्रथम प्रश्नपत्र (पुस्तकों सहित), द्वितीय प्रश्न दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

सरल क्र. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्रीमती फरिहा आलम सिद्दीकी	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर द्वितीय में सश्रेय.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	कु. गीता शुक्ला	नायब तहसीलदार	प्रथम एवं द्वितीय में निम्नस्तर.

परीक्षा केन्द्र रायपुर

(1)	(2)	(3)	(4)
3.	श्री सुधांशु सक्सेना	नायब तहसीलदार	प्रथम में उच्चस्तर द्वितीय में निम्नस्तर.
4.	श्री प्रकाश कुमार टंडन	नायब तहसीलदार	प्रथम एवं द्वितीय में निम्नस्तर.
5.	श्री बनसिंह नेताम	नायब तहसीलदार	प्रथम एवं द्वितीय में निम्नस्तर.
6.	श्री कमलप्रीत सिंह	नगर निगम आयुक्त	प्रथम में सश्रेय

2. निम्नांकित परीक्षार्थियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रश्नपत्र में अपेक्षित स्तर अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर लेने के फलस्वरूप उक्त प्रश्नपत्र में आगामी परीक्षा में बैठने से छूट प्रदान की जाती है :—

परीक्षा केन्द्र ग्वालियर

सरल क्र. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	प्रश्नपत्र (4)
1.	श्री अन्बलगन पी.	सहायक कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर

परीक्षा केन्द्र रायपुर

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
3.	श्री दीपक कुमार अग्रवाल	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
4.	श्री शैलेन्द्र कुमार बढ़ौनियां	नायब तहसीलदार	प्रथम में सश्रेय
5.	कु. तुलिका प्रजापति	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
6.	कु. प्रियंका थवाईत	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय

(1)	(2)	(3)	(4)
7.	श्रीमती जयश्री जैन	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में सश्रेय
8.	श्री महेश सिंह राजपूत	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
9.	कु. पद्मिनी भोई	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
10.	कु. रोक्तिमा राय	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
11.	कु. सन्तन देवी जांगड़े	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
12.	श्री अमित कुमार गुप्ता	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
13.	श्री जागेश्वर कुमार कौशल	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
14.	श्री विकास माहेश्वरी	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
15.	श्रीमती पूनम शर्मा	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
	परीक्षा केन्द्र जगदलपुर		
16.	कु. गीता रायस्त	नायब तहसीलदार	द्वितीय में निम्नस्तर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. जैन, सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2006

संशोधित आदेश

क्रमांक एफ 11-15/2003/16.—श्रम विभागीय आदेश क्रमांक एफ 11-15/2003/16 दिनांक 12-1-2004 (नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड दगोरी जिला बिलासपुर विरुद्ध अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एवं इस्पात श्रमिक संघ अमेरी अकबरी दगोरी जिला बिलासपुर) द्वारा पारित आदेश के अनुसूची "क्या 4 वर्ष पूर्व 81 ठेका श्रमिकों का किया गया सेवा पृथक्कीकरण वैध एवं उचित है ? यदि नहीं तो इस संबंध में नियोजक पक्ष को क्या निर्देश दिये जाने चाहिये ?" में संलग्न परिशिष्ट "अ" जोड़ा जाता है.

परिशिष्ट "अ"

नोवा आयरन एंड स्टील लिमिटेड दगोरी जिला बिलासपुर द्वारा 81 ठेका श्रमिकों को निकाले गये मजदूरों की सूची

क्रमांक	श्रमिकों का नाम	पिता का नाम	विभाग	नियुक्ति का दिनांक	काम से निकालने की तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	श्री रामाधार डहरिया	पहार सिंह डहरिया	आर.एम.पी. (मैके.)	19-11-94	23-7-97
2.	रमेश कुमार लहरे	अवध राम लहरे	—"—	29-11-94	23-7-97
3.	परदेशी राम साहू	चैतराम साहू	डिस्पेच	01-11-95	29-06-97
4.	चैतराम निषाद	छन्नुलाल	—"—	01-11-95	16-06-97
5.	संतोष सूर्यवंशी	लखनलाल	डिस्पेच	—"—	07-06-97
6.	दिलीप कुमार केंवट	विश्राम	—"—	10-11-95	07-06-97
7.	उपेंद केंवट	चैतराम	—"—	—"—	07-06-97
8.	रामरतन जायसवाल	फेकूलाल	—"—	—"—	13-08-97
9.	राम कुमार लहरे	कृपाराम	—"—	—"—	13-08-97
10.	नम्मूराम	कलीराम पोर्ते	—"—	—"—	03-07-97
11.	कान्हा सोनानी	अंजोर दास	क्वालिटी कंट्रोल	20-10-94	13-08-97
12.	अरूण कुमार जांगड़े	श्री धरमदास जांगड़े	—"—	28-09-94	13-08-97
13.	जय कुमार	मंशाराम	—"—	20-09-94	13-08-97
14.	शिवशंकर	तुलाराम	—"—	—"—	15-08-97
15.	रमेश कुमार लहरे	लेढ़गा	प्रोसेस	—"—	13-08-97
16.	शत्रुहन	सुकालू	—"—	—"—	20-08-97
17.	सीताराम गेंदले	रामसाय गेंदले	आर. एम. पी. कोल ब्रेकिंग.	03-03-95	18-07-97
18.	संतराम निषाद	हिन्छाराम	—"—	—"—	18-07-97

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
19.	विजय कुमार ध्रुव	श्यामरतन सिंह	आर. एम. पी. कोल ब्रेकिंग	19-03-95	14-08-97
20.	उमेंदी ध्रुव	अवधराम	—"—	—"—	14-08-97
21.	तोपसिंह साहू	रामकुमार साहू	आर. एम. पी.	07-06-94	21-08-97
22.	हरप्रसाद	रंगलाल	—"—	15-09-94	13-07-97
23.	मेलूराम सूर्यवंशी	सूखनाथ	—"—	21-09-94	13-07-97
24.	सुन्दर	चमार	—"—	21-09-94	07-08-97
25.	गौतम	चमार	सिविल	01-11-94	07-08-97
26.	टेकराम	दुखीतराम	—"—	13-12-95	07-08-97
27.	लक्ष्मीनारायण	देवा	—"—	26-10-94	07-08-97
28.	बिरेश	रामरतन	—"—	29-11-95	07-08-97
29.	सुकाल	बादसाय	—"—	18-10-94	07-08-97
30.	आशाराम	पतिराम	—"—	—"—	07-08-97
31.	तुलाराम	सहदेव	—"—	15-10-94	07-08-97
32.	सुकलहा साहू	सुखीराम	डिस्पेच	12-09-94	14-08-97
33.	रामरतन जगत	भारत सिंह जगत	—"—	17-11-94	14-08-97
34.	संतोष कुमार	दुखवा	—"—	27-11-95	26-08-97
35.	सौखिलाल	रामभरोस	फाइन्स पैकिंग	27-11-95	26-08-97
36.	अनिल कुमार बघेल	दाउराम बघेल	डिस्पेच	25-11-95	20-08-97
37.	भरत बघेल	अधिनदास बघेल	—"—	15-11-95	20-08-97
38.	राजाराम	प्रेमलाल	—"—	15-11-95	20-08-97
39.	रज्जू	गणेशराम	—"—	—"—	18-08-97
40.	अरूण बघेल	दाउराम बघेल	—"—	—"—	18-08-97

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
41.	जगजीवन	लखन	डिस्पेच	15-11-95	18-08-97
42.	अश्वनी	जानिक	—"—	—"—	18-08-97
43.	साहसूराम	भगेला	—"—	13-10-95	26-08-97
44.	गोवर्धन	घासीराम	—"—	13-10-95	26-08-97
45.	बाबूलाल	परदेशी	कोल ब्रेकिंग	13-10-95	26-08-97
46.	भानूप्रताप	फगुआराम	—"—	03-03-95	18-08-97
47.	बैसाखू	सेउंकराम	—"—	27-03-95	18-07-97
48.	राजू कोसले	छबली	—"—	27-03-95	18-07-97
49.	दीलीप	रामप्रसाद	कोल ब्रेकिंग	05-04-95	18-07-97
50.	रामप्रसाद	परमेश्वर	डिस्पेच	24-07-94	26-08-97
51.	सभापति निषाद	श्याम लाल निषाद	प्रोसेस	02-02-94	06-09-97
52.	शत्रुहन निषाद	श्याम लाल निषाद	—"—	08-03-94	06-09-97
53.	अशोक वर्मा	राम जी वर्मा	डी. आर. पी.	02-09-95	04-10-97
54.	सुन्दर लाल कोसले	राम स्वरूप कोसले	क्वालिटी कंट्रोल	07-03-95	13-07-97
55.	दिनेश कुमार बघेल	पुन्नीलाल	—"—	—"—	13-07-97
56.	लालचन्द बंजारे	गणपंतराम बंजारे	क्वालिटी कंट्रोल	07-03-95	17-07-97
57.	हरदेव प्रसाद	महेतरू	कोल ब्रेकिंग	03-08-95	18-08-97
58.	द्वारिका प्रसाद बारबे	कलाराम	क्वालिटी कंट्रोल	03-08-95	18-07-97
59.	नरोत्तम बघेल	रामदास बघेल	—"—	—"—	—"—
60.	रामचरण नेस्टो	महेतरू	—"—	—"—	—"—
61.	अरविन्द बघेल	दाउराम	—"—	—"—	26-06-97
62.	रामाधार	चन्देला	—"—	16-08-95	26-06-97

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
63.	शिवकुमार	पुनितराम	क्वालिटी कंट्रोल	20-09-94	02-06-97
64.	सुखराम	पुनिराम	प्रोसेस	20-10-94	06-09-97
65.	फिरतराम यादव	सुखउराम	—"—	20-10-94	20-11-97
66.	मनोज कुमार	शम्भूनाथ	—"—	20-10-94	20-11-97
67.	केराचन्द	रामखिलावन	डिस्पेच	10-10-94	20-01-97
68.	कुशल कुमार	अवधराम	प्रोसेस	12-10-94	—"—
69.	दीलिप कुमार	बृजलाल	डिस्पेच	—"—	—"—
70.	सुशिल कुमार	बृजलाल	—"—	—"—	—"—
71.	गुलाब लाल	कोदूराम नवरंग	—"—	—"—	—"—
72.	दुजराम गहरे	मालिक राम	कोल ब्रेकिंग	15-10-94	25-11-97
73.	परदेशी राम साहू	आनंदराम साहू	—"—	—"—	—"—
74.	शिव कुमार	मोहन लाल	—"—	—"—	21-06-98
75.	राकेश	श्याम लाल	डिस्पेच	17-10-94	21-06-97
76.	मदन लाल जांगड़े	धरमदास जांगड़े	आर. एम. पी.	—"—	22-07-97
77.	चन्द्राम बारले	कलाराम	डिस्पेच	—"—	25-10-97
78.	रामफल गहरे	मालिक राम	—"—	20-10-95	25-10-97
79.	नरेश कुमार बघेल	रामदास	—"—	—"—	—"—
80.	शिवप्रसाद	रामसाय	—"—	—"—	15-10-97
81.	मनाराम	फिरतुराम	डिस्पेच	12-08-95	20-09-97

रायपुर, दिनांक 5 मई 2006

क्रमांक एफ 9-3/2006/16.—चूंकि प्रबंधन यूनिवर्थ टेक्सटाईल लिमि. 923-945 उरला ग्रोथ सेन्टर सेक्टर-डी उरला इण्डस्ट्रीयल स्टेट पो. उरला सरोरा रायपुर के सेवा नियुक्ति जिनका प्रतिनिधित्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ी युनिवर्थ आपरेटर कर्मचारी संघ मुख्यालय हाण्डीपारा, रायपुर द्वारा किया जा रहा है एवं सेवा नियोजक प्रबंधन यूनिवर्थ टेक्सटाईल लिमि. 923-945 उरला ग्रोथ सेन्टर सेक्टर-डी उरला इण्डस्ट्रीयल स्टेट पो. उरला सरोरा, रायपुर के मध्य औद्योगिक विवाद उत्पन्न हुआ है.

और चूंकि राज्य शासन को यह सन्तुष्टि हो चुकी है कि पक्षों के मध्य औद्योगिक विवाद विद्यमान है एवं इस विद्यमान औद्योगिक विवाद को माननीय औद्योगिक न्यायालय को पंच निर्णयार्थ संदर्भ किये जाने के अतिरिक्त अन्य किसी तरीके से हल संभव नहीं है.

अत: छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (क्र. 27 सन् 1960) की धारा-51 की उपधारा (अ) के प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये राज्य शासन एतद्द्वारा उक्त विवाद को अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण में निर्मित विषयों के अनुरूप माननीय औद्योगिक न्यायालय, रायपुर को पंच निर्णयार्थ संदर्भित करता है.

अनुसूची

क्या संस्थान में कार्यरत आपरेटरों को अन्य प्रदेशों में लागू भारत सरकार के उद्योग विभाग द्वारा घोषित दिस. 2005 वेतन पाने की पात्रता रखते है, तो इसकी गणना क्या होगी ? यदि हो तो आवेदक किस सहायता का पात्र है, तथा इस संबंध में नियोजक पक्ष को क्या निर्देश दिये जाने चाहिये ?

रायपुर, दिनांक 5 मई 2006

क्रमांक एफ 9-3/2006/16.—छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (27 सन् 1960) की धारा 43 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता है कि रायपुर के स्थानीय समाधानकर्त्ता (कंसीलियेटर) को निर्दिष्ट अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ी यूनिवर्थ आपरेटर कर्मचारी संघ मुख्यालय, हाण्डीपारा, रायपुर एवं प्रबंधन यूनिवर्थ टेक्सटाईल लिमिटेड 923-945 उरला ग्रोथ सेंटर सेक्टर-डी उरला इण्डस्ट्रीयल स्टेट पो. उरला सरोरा, रायपुर के मध्य निम्न औद्योगिक विवाद के संबंध में कोई समझौता नहीं हो सका.

अनुसूची

औद्योगिक विवाद क्रमांक 2/सी.जी.आई.आर./2006.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. कपूर, अपर मुख्य सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 नवम्बर 2002

क्रमांक 8258/डी-2740/21-ब/छ.ग./2002—राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 5857/11-2/16/2001, दिनांक 13-11-2002 के परिप्रेक्ष्य में श्री पी. के. श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर की सेवायें अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, बिलासपुर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, रायपुर को सौंपी जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. एस. राजपूत, सचिव.

रायपुर, दिनांक 29 मई 2004

क्रमांक 3128/डी-1183/21-ब/छ.ग./04.—राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 186-1-8-6/2001/ गोपनीय/2004 दिनांक 17-5-2004 के परिप्रेक्ष्य में श्री बुद्धराम निकुंज, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गठित विशेष न्यायालय की सेवाएं आदिमजाति एवं जनजाति विकास विभाग से वापस लेते हुए उन्हें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में सदस्य सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक के लिए नियुक्त किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 8 जून 2004

क्रमांक 3428/डी-965/21-ब/छ.ग./04.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय के परामर्श से, कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा-4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायिक सेवा की सदस्या श्रीमती शकुन्तला दास, अतिरिक्त सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग, रायपुर को इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3423/डी-965/21-ब/छ.ग./04; दिनांक 7-6-2004 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालय, रायपुर में पीठासीन न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक नियुक्त करता है.

रायपुर, दिनांक 28 जून 2004

क्रमांक 3958/डी-1183/21-ब/छ.ग./04.—राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्र. 215/11-2-17/2001/गोप./04, दिनांक 26-6-2004 के परिप्रेक्ष्य में श्री इन्दर सिंह उबोवेजा, अतिरिक्त सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग, छ. ग. शासन, रायपुर की सेवायें विधि और विधायी कार्य विभाग, छ. ग. रायपुर से वापस लेते हुए उन्हें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर में सदस्य सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक के लिए नियुक्त किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 28 जून 2004

क्रमांक 3959/डी-1365/21-ब/छ.ग./04.—राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्र. 215/11-2-17/2001/गोप./04, दिनांक 26-6-2004 के परिप्रेक्ष्य में श्री बुद्धराम निकुंज, सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की सेवायें वापस लेते हुए उन्हें विधि और विधायी कार्य विभाग, छ.ग. शासन मंत्रालय, रायपुर में अतिरिक्त सचिव, विधि के पद पर प्रतिनियुक्ति पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक के लिए नियुक्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. सी. बाजपेयी, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2004

क्रमांक 2608/डी-1049/21-ब/छ.ग./04.—छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 133/2-15-21/2000 (भाग-तीन), दिनांक 7-4-2004 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन, फास्ट ट्रेक कोर्ट के तदर्थ रूप से नियुक्त निम्नलिखित पीठासीन अधिकारियों को, जिन्हें इस विभाग के आदेश क्रमांक 1396/डी.-क्यू/21-ब/छ.ग./2001 दिनांक 26/27-3-2001 द्वारा फास्ट ट्रेक कोर्ट में तदर्थ रूप से नियुक्त किया गया था, की सेवाओं की आवश्यकता न होने के कारण, उनकी सेवायें, आदेश जारी होने के दिनांक से समाप्त घोषित करता है.

1. श्री एच. एल. वार्डे [सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, 60/7, नेहरू नगर (ईस्ट), भिलाई]	फास्ट ट्रेक कोर्ट, बेमेतरा
2. श्री ए. पी. मिश्रा, [सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्गा मंदिर के पास, शहडोल (म.प्र.)]	फास्ट ट्रेक कोर्ट, सूरजपुर
3. श्री पी. एन. एस. चौहान, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, वार्ड क्र. 10, महलपारा, बैकुंठपुर, जिला-कोरिया).	फास्ट ट्रेक कोर्ट, अंबिकापुर

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2004

क्रमांक 2609/डी-1049/21-ब/छ.ग./04.—छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 130/2-15-21/2000 (भाग-तीन), दिनांक 7-4-2004 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन, निम्नलिखित पीठासीन अधिकारियों को, जिन्हें इस विभाग के आदेश क्रमांक 1396/डी-क्यू./21-ब/छ.ग./2001, दिनांक 26/27-3-2001 द्वारा फास्ट ट्रेक कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के रूप में तदर्थ रूप से नियुक्त किया गया था, की फास्ट ट्रेक कोर्ट के पीठासीन आधकारी के लिये निर्धारित आयु 65 वर्ष इनके द्वारा पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप, उक्त पीठासीन अधिकारियों की सेवाएं आदेश जारी होने के दिनांक से समाप्त की जाती है :—

1. श्री एन. एस. चौहान, (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, 110, दीपक नगर, अयोध्या अपार्टमेंट के सामने, दुर्ग, छ. ग.)	फास्ट ट्रेक कोर्ट, जगदलपुर
2. श्री एम. एस. कुरैशी, (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एल.आई.जी. 246, पद्मनाभपुर, दुर्ग, छ. ग.).	फास्ट ट्रेक कोर्ट, कांकेर
3. श्री एम. ए. फारूखी, (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, म. नं. 7, शंकरनगर, मार्ग-1, चौबे कालोनी, रायपुर, छ. ग.)	फास्ट ट्रेक कोर्ट, दुर्ग
4. श्री टी. एन. एच. पंचोली, (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, 38, अधिवक्ता कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल म.प्र.)	फास्ट ट्रेक कोर्ट, सूरजपुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रभात शास्त्री, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 दिसम्बर 2004

क्रमांक 7407/डी-1365/21-ब/छ.ग./2004.—राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 501/दो-2/101/2001/गोप./2002 दिनांक 23-12-2004 के परिप्रेक्ष्य में श्री अशोक कुमार गोयल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर छ. ग. की सेवाएं उप सचिव के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश तक विधि और विधायी कार्य विभाग को एतद्द्वारा सौंपी जाती है.

रायपुर, दिनांक 24 मार्च 2005

फा. क्र. डी./3132/739/21-ब/छ.ग./05.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक 206/दो-2-17/2001/गोप./2005 दिनांक 24-3-2005 की अनुशंसा पर श्रीमती अनुराधा खरे चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. अधिनियम के अंतर्गत) बिलासपुर को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रतिनियुक्ति पर माध्यस्थम अधिकरण, रायपुर में रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त करती है.

रायपुर, दिनांक 24 मार्च 2005

